सहज-सरल, लेकिन इरादों के 'अटल' थे पूर्व प्रधानमंत्री : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर किया पुष्पार्चन

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा निवेदित करते हुए लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन निर्विवाद और निष्कलंक रहा। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में 'राष्ट्र सर्वोपरि' के भाव के साथ निरंतर कार्य करते रहे। सार्वजनिक जीवन की शुरुआत उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा-370 लगाए जाने के विरोध में सत्याग्रह से प्रारंभ की थी।

मुख्यमंत्री योगी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सांसद, विदेश मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री की अलग-अलग भूमिकाओं में भी उनके लिए सदैव 'राष्ट्र प्रथम' रहा। वह भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, नेता सदन, प्रधानमंत्री समेत किसी भी पद पर रहे हों, उनके जीवन का ध्येय केवल 'राष्ट्र प्रथम' था। जब-जब भी आवश्यकता पड़ी, उन्होंने दल से ऊपर देश को महत्व दिया।

राष्ट्र की सुरक्षा में अटल जी का योगदान : मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जब देश पर इमरजेंसी थोपी थी तो उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय करते हुए आपातकाल से मुक्ति के आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। 1962, 1965, 1971 के युद्ध में उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करने की बजाय सरकार के साथ जिम्मेदार सांसद के रूप में खड़े होकर राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दिया।योगी ने कहा कि भारत की राजनीति में अस्थिरता के दौर को रोकने और राजनीतिक स्थिरता के माध्यम से सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कैसे कदम उठाए जा सकते हैं, अटल जी ने राजनीतिक समन्वय के माध्यम से 1996-98 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का निर्माण करके जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी भारत की राजनीति में प्रासंगिक बना हुआ है। एनडीए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सहयोगी दलों के साथ मिलकर निरंतर देश, राज्यों के अंदर विभिन्न सरकारों का संचालन करते हुए सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी जितने ही सहज व सरल थे, उतने ही इरादों के 'अटल' भी थे। कारगिल संघर्ष के दौरान दुनिया ने अटल जी के दृढ़संकल्प का लोहा माना। उस समय अटल जी ने कहा था कि हम पर युद्ध थोपा गया है, जिसका हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। दुनिया की हर ताकत के सामने झुके बिना अटल जी ने भारत को एटॉमिक पावर के रूप में स्थापित किया।

अटल जी ने प्रधानमंत्री के रूप में मनवाया यशस्वी शासन का लोहा : योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी को पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश की बलरामपुर संसदीय सीट से संसद में जाने का अवसर मिला। उन्होंने पांच बार लखनऊ संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। नेता विरोधी दल व प्रधानमंत्री के रूप में यशस्वी शासन का लोहा मनवाया। आज पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृतियों को नमन कर रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

चौरेश्वर नाथ धाम से निकली दो दिवसीय शिव कांवड़ यात्रा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर विकास खण्ड अंतर्गत सावन माह के पावन अवसर पर आज दो दिवसीय शिव कांवड़ यात्रा शुरु हुई। चौरेश्वर नाथ धाम छंगापुर पर जलाभिषेक और दर्शन पूजन करने के साथ इस शिव कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया गया। कांवड़ यात्रा 16 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे चौरेश्वर महादेव धाम (छंगापुर) स्थित आदि गंगा गोमती तट से शुरू हुई। श्रद्धालु यहां पवित्र स्नान कर जल भरकर और भगवान शिव का जलाभिषेक किये। इस अवसर पर बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि लोगों के बीच में हमने कांवड़ यात्रा निकालने का प्रस्ताव रखा था, यह कांवर्ड यात्रा बदलापुर के लोगों के सहयोग से निकाली जा रही है। बदलापुर दो नदियों के बीच में है । इसलिए बदलापुर को जिला बनाने की मांग की जायेगी। यह यात्रा विभिन्न गांवों और बाजारों से गुजरते हुए दूसरे दिन करसूलनाथ धाम (सई नदी तट, कंधी) पहुंचेगी। पहले दिन की यात्रा चौरेश्वर महादेव धाम से प्रारंभ होकर गठाना मोड़, छंगापुर नहर चौराहा, लेदुका, प्राणपट्टी, मसनपुर बाजार, मछलीगांव, बदलापुर खुर्द बाजार ,दुर्गा मंदिर पर दर्शन पूजन बदलापुर, कमला नगर चौराहा, चकमोलनापुर, चकरियहवा घाट पर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक और दर्शन पूजन के साथ कांवड़ यात्रियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी।

वाराणसी में नागपंचमी पर्व पर अखाड़ा रहेंगे गुलजार, पहलवानों ने जमकर किया रियाज

साफ-सफाई के साथ गदा, जोड़ी, डम्बल, प्लेट का रंगरोगन

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी : उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी) में नागपंचमी पर्व को लेकर अखाड़ों में उत्साह चरम पर है। रविवार को सुबह से ही शहर के विभिन्न अखाड़ों में पहलवान तैयारियों और अभ्यास में जुटे रहे। अखाड़ों की साफ-सफाई के साथ मिट्टी को तैयार किया गया और पारंपरिक व्यायाम उपकरणों—गदा, जोड़ी, डंबल, प्लेट और गरनाल—का रंगरोगन किया गया।

सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर युवा पहलवान दंड-बैठक, कुश्ती और अन्य पारंपरिक व्यायामों के जरिए अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। बेनियाबाग स्थित रामसिंह अखाड़ा, कज्जाकपुरा रोड स्थित गयासेठ अखाड़ा, लक्सा क्षेत्र के लालकुटी व्यायामशाला और कबीरचौरा स्थित औघड़नाथ तकिया अखाड़े में दिनभर रौनक रही। युवा पहलवान अखाड़े की मिट्टी में हल्दी मिलाकर उसे तैयार करते नजर आए। इसके बाद उन्होंने दंड-बैठक, पेड़ पर रस्सी चढ़ने और अन्य कसरतों का जमकर अभ्यास किया। अखाड़ों के पुराने और अनुभवी पहलवान भी युवाओं की तैयारियों को परखते रहे और उन्हें जरूरी टिप्स देते रहे। इस बार नागपंचमी पर्व सावन के तीसरे सोमवार के शुभ संयोग में पड़ रहा है। पर्व के अवसर पर जैतपुरा क्षेत्र स्थित नागकूप में मेला भी लगेगा। अलसुबह से ही यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। भक्त नागकूप के दर्शन-पूजन के बाद परिसर स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर में भी हाजिरी लगाएंगे। मंदिर के पुजारी पंडित कुंदन के अनुसार, महर्षि पतंजलि को शेषनाग का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि उन्होंने नागकूप क्षेत्र में लंबे समय तक तपस्या की थी। नागकूप के भीतर प्राचीन शिवलिंग भी स्थापित है, जिसके दर्शन विशेष अवसर पर कूप की सफाई के दौरान ही हो पाते हैं। नागपंचमी पर कूप और उसके भीतर बने कुएं का पानी निकालकर शिवलिंग का श्रृंगार और विशेष पूजन किया जाता है। पूजन के बाद पंप बंद कर दिया जाता है और कुछ ही देर में कूप व कुंड पुन: पानी से भर जाते हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं राजेश पांडेय और संजय पांडेय के अनुसार, काशी का नागकूप कालसर्प दोष से मुक्ति के लिए देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में माना जाता है। नागपंचमी पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सर्पदंश के भय से मुक्ति और नागदेवता की कृपा की मान्यता के चलते भी लोग यहां पूजा-अर्चना करते हैं।

'नाग लो भाई नाग लो' की गूंजेगी पुकार : नागपंचमी के दिन काशी की गलियों में अलसुबह से ही बच्चों की टोलियां 'नाग लो भाई, नाग लो' की पुकार लगाती नजर आएंगी। बच्चे घर-घर नागदेवता के चित्र पहुंचाएंगे।

वायु सेना बैंड की देशभक्तिमयी धुनों से गूंज उठा चंद्रशेखर आजाद पार्क

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज : स्वतंत्रता दिवस की देर शाम पर मध्य वायु कमान मुख्यालय के तत्वावधान में वायु सेना स्टेशन बमरौली की ओर से ऐतिहासिक चंद्रशेखर आजाद पार्क में भव्य संगीतमयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय वायु सेना के बैंड की देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए और कलाकारों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कार्यक्रम में मध्य वायु कमान के वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तरूण चौधरी, एवीएसएम, वीएसएम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

भारतीय वायु सेना की राष्ट्र को संगीत से जोड़ने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नंबर-4 वायु सेना बैंड ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। बैंड ने देशभक्ति के गीतों और धुनों के साथ सैन्य रचनाएं, शास्त्रीय संगीत और लोकप्रिय वाद्य संगीत प्रस्तुत किया। कलाकारों ने बेहतरीन तालमेल और सटीकता के साथ प्रस्तुति देकर दर्शकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाई। हर प्रस्तुति के बाद दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय वायु सेना की गौरवशाली परंपराओं और मूल्यों को आम नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। साथ ही, रक्षा बलों और नागरिकों के बीच संबंधों को और मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं को एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित किया गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एवं जनसंपर्क अधिकारी, प्रयागराज विंग कमांडर देबार्थो धर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारतीय वायु सेना और आम नागरिकों के बीच जुड़ाव को मजबूत करते हैं।

ट्रैक्टर बस भिड़ंत में एक की मौत, 12 कांवड़ यात्री घायल

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के इटावा बरेली हाईवे पर रविवार को हुई दुर्घटना में एक कांवड़िए की मौत हो गई जबकि दर्जन भर घायल हो गए। जनपद लखीमपुर के करीब एक दर्जन कांवड़िए ट्रैक्टर पर सवार होकर फर्रुखाबाद पांचाल घाट गंगा जल लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर शाहजहांपुर जिले के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र से गुजर रहा था। उसी समय रोडवेज बस की टक्कर लगने से ट्रैक्टर सवार कांवड़िया घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी राजेपुर भेजा गया। डॉक्टर ने जनपद लखीमपुर खीरी थाना मैलानी के ग्राम जटपुरा निवासी विजयपाल पत्नी मंजू देवी(34) को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में फूलमती, यश कुमार, मीना, सपना, निर्मला, कमलेश, नेमा देवी पूनम देवी, श्री कृष्णा, गुड्डी देवी, जमुना देवी का प्राथमिक उपचार किया गया। अधिक चुटहिल लोगों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। राजेपुर थाना अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया की दुर्घटना थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में हुई है।

कांवड़ यात्रा को लेकर प्रयागराज में आज भारी वाहनों के आवागमन पर रहेगा प्रतिबंध

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज : श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रयागराज से वाराणसी जाने वाले राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

सुरक्षा और कांवड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज से वाराणसी राजमार्ग की उत्तरी लेन (बायीं लेन) को कांवड़ियों के लिए आरक्षित रखा गया है। वहीं, प्रयागराज से वाराणसी आने-जाने वाले वाहनों के लिए दक्षिणी लेन (दाहिनी लेन) उपलब्ध रहेगी। भारी और व्यावसायिक वाहनों के लिए निर्धारित मार्गों से डायवर्जन किया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम आवाजाही पुलिस की प्राथमिकता है। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए भारी और व्यावसायिक वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

यह व्यवस्था 17 अगस्त को कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए लागू की जाएगी। डायवर्जन की प्रक्रिया 15 अगस्त की रात 11:55 बजे से शुरू होकर 18 अगस्त की रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगी। श्रावण मास के दौरान 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग की उत्तरी लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित है।

इन मार्गों से जाएंगे भारी वाहन : कानपुर की ओर से वाराणसी जाने वाले भारी और व्यावसायिक वाहन फतेहपुर, लालगंज,सलोन, प्रतापगढ़, मछलीशहर और जौनपुर मड़ियाहूं होते हुए वाराणसी जाएंगे। वापसी का मार्ग भी यही रहेगा। लखनऊ की ओर से वाराणसी जाने वाले भारी वाहन रायबरेली, सलोन, प्रतापगढ़, मछलीशहर और जौनपुर मड़ियाहूं होते हुए वाराणसी जाएंगे।

आपका राशिफल 17 अगस्त

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक 5 7 9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक 3 5 7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

जाहिर सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने, अनुबंधकर्ता-श्रीमती नंदनी पाराशर पत्नी श्री मंगलेश पाराशर, निवासी-12, बालाजी नगर, नरेला शंकरी, हुजूर, भोपाल म.प्र.,का मकान नं. 4/61, कुल क्षेत्रफल 30+17/2 X 50 = 1175 वर्गफिट अर्थात 109.20 वर्गमीटर है जो कि छत्रसाल नगर, फेस-2, नरेला शंकरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में भोपाल नगर निगम सीमाओं के अंदर मुख्य मार्ग से अंदर स्थित है, उक्त पर वर्तमान में सिंगल स्टोरी मकान पक्का निर्मित है, जिसे विक्रय किया जा रहा है। जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्न है दिशा पूरब में-कर्मवीर गृह निर्माण की भूमि, दिशा पश्चिम में रोड, दिशा उत्तर में प्लाट नं. 4/42, दिशा दक्षिण में रोड, जो कि संपत्ति मालिक श्रीमती अनिता मलिक पति स्वर्गीय विनोद मलिक निवासी-4/61, छत्रसाल नगर, फेस-2. नरेला शंकरी भोपाल, के नाम से उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में विधिवत रूप से दिनांक 12.07.2011 को पुस्तक क्र.ए-1, ग्रंथ क्र. 37096, में 07, पृष्ठ क्र. 01 से 07 तक दस्तावेज क्र. 7/749 पर इन्द्रांज है तथा श्रीमती अनिता मलिक से श्रीमती नंदनी पाराशर ने नोटरी अनुबंध पत्र से अनुबंधित की है तथा वर्तमान में श्रीमती नंदनी पाराशर विक्रय संपत्ति के अनुबंधित मालिक, स्वामी व आधिपत्यधारी है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध किया हैं और बयाना राशि अदा कर दी है एवं उक्त मकान के सम्बंध में किसी व्यक्ति एवं परिवार के अन्य सदस्यो एवं अन्य हितबद्ध व्यक्तियो को संस्था/फायनेन्स संस्था/शासकीय गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित मकान कही विक्रय अनुबंध, दान, गिरवी, वसीयत, हिबा, मैहर, हस्तांतरण इत्यादि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय अवधि निकल जाने के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त वर्णित मकान का विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, और समयावधि निकल जाने के पश्चात् कोई भी आपत्ति एवं दावा मान्य नही होगा।

भवदीय सतीश अहेलिया (एडवोकेट/नोटरी)
कार्या.-123, नारंग टाईपिंग सेन्टर एंड सर्विस प्रोवाईडर, नियर अप्सरा टाकीज, रायसेन रोड भोपाल म.प्र.
मो. 9826162974, 9826472014

1310

जाहिर सूचना

भूखण्ड क्रमांक 18, "श्रीराम कालोनी", श्री गणेश गृह निर्माण सहकारी समिति, बावडियां कलां, भोपाल)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मेरे पक्षकार (1) श्री नयंक रघुवंशी आत्मज श्री फूल सिंह रघुवंशी (2) श्रीमती अन्नपूर्णा रघुवंशी पत्नी श्री फूल सिंह रघुवंशी (3) श्रीमती महिमा सिंह पत्नी श्री मयंक रघुवंशी, सभी निवासी-18, स्नेह नगर, नियर श्रीराम कालोनी, होशंगाबाद रोड, भोपाल के द्वारा (1) श्रीमती मंजीत कौर पत्नी श्री मोहन सिंह कालरा एवं (2) श्री तेजेनदर सिंह कालरा आत्मज श्री मोहन सिंह कालरा दोनों निवासी मकान नंबर 44, श्री राम कालोनी, बावडियां कलां, भोपाल के आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक 18, जिसका क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट है, जो कि खसरा क्रमांक 328, 330,331/3, 329/1, 329/2, 333, 334/3/1/1, 334/3/1/2, 334/3/1/3, 334/3/1/4, 334/3/1/5, 334/3/2, 334/3/3, 336/1, 346/3, 338/2/4 एवं 335 के अंश भाग पर, "श्रीराम कालोनी", श्री गणेश गृह निर्माण सहकारी समिति, ग्राम बावडियां कलां, नगर निगम वार्ड क्रमांक 53, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 17, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 19, उत्तर में-06 मीटर चौड़ी सड़क तथा दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 31, 32 एवं 33 है को क्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल दस्तावेज (विक्रय पत्र) जो कि श्री जतिन्दर चड्डा आत्मज स्व. श्री बी.एस. कोगी के द्वारा (1) श्री दिलीप कुकरेजा आत्मज स्व. श्री विष्णुमल कुकरेजा (2) श्री अमित कुकरेजा आत्मज श्री अशोक कुकरेजा के पक्ष में निष्पादित किया गया था, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 29.03.2011 को ग्रंथ क्रमांक 36407 दस्तावेज क्रमांक 4913/2 पर पंजीबद्धहै उक्त दस्तावेज का अंतिम पृष्ठ कहीं खो गया है, जिसके संबंध में संबंधित पुलिस थाना, भोपाल में दिनांक 14.08.2026 में सूचना दे दी गई है। यह कि मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति को क्रय करने के लिये भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी., भोपाल से ऋण प्राप्त कर रहा है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वारिस, उत्तराधिकारी, संस्था, बैंक, सोसायटी, हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य हित, ऋण, बंधक (साम्यिक) भार, विलयन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 14 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति को किसी को विक्रय करने रजिस्ट्री करवाने के लिए स्वतंत्र होगा एवं नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होगा। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को क्रय कर लवेगा।

पुलकित सांघी एडवोकेट
सांघी लॉ चेम्बर
67, जोन-1 एम.पी. नगर भोपाल
मो. 9826019123

1311

आम सूचना

एक किता आवासीय भवन स्थित प्लाट क्रमांक 12-ए, क्षेत्रफल 120.07 वर्गमीटर स्थित जानकी रेसीडेंसी, ग्राम दामखेड़ा, कोलार रोड, जिला भोपाल के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक शाखा आर.ए.सी.पी. सी-1 भोपाल, से श्री प्रदीप कुमार एवं श्रीमती किरण कुमार द्वारा शीर्षक अनुसार संपत्ति को श्री. आर. के. लाबरू एवं श्रीमती उर्मिला लाबरू से क्रय कर बंधक रखने हेतु ऋण से मकान खरीदने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसकी चतुर्थ सीमाएँ निम्नानुसार है:- दिशा पूर्व-अन्य की संपत्ति, दिशा पश्चिम- प्लाट नं 14, दिशा उत्तर-रोड, दिशा दक्षिण- प्लाट नं 12, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि भुगतान कर दी है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में या उसके किसी भाग के संबंध में किसी व्यक्ति या शासकीय, अर्द्ध शासकीय, वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी या अन्य प्रकार का किसी का कोई हित, स्वामित्व, स्वत्व या किसी प्रकार का कोई लेन-देन हो अथवा उक्त संपत्ति कहीं रहन, बंधक, भारग्रस्त हो या मौखिक अथवा लिखित हिबा के द्वारा किसी के पक्ष में दिया गया हो या मेहर आदि में ग्रस्त हो तो इस सूचना के 15 दिवस की अवधि में प्रमाण एवं दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति, दावा क्रेता/मेरे पक्षकार व उसके उत्तराधिकारियों पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त भवन को क्रेता को क्रय करने हेतु ऋण प्रदान करने के लिये स्वतंत्र होगा।

भवदीय हिमांशु गुप्ता (एडवोकेट)
कार्या.एवं निवास : 105, रामानन्द नगर, लालघाटी, भोपाल (म.प्र.) मो. 9826223331

1312

कार्यालय : प्रशासक, राजधानी पत्रकार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल

(पंजीयन क्रमांक डीआरबी /1078 दिनांक 31-05-2007)

क्रमांक रापगृनिससं/निर्वाचन /2026/ भोपाल, दिनांक 14 अगस्त 2026

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 30-08-2026 को दिन रविवार प्रात: 11.00 बजे स्थान नर्मदा मंदिर परिसर, जवाहर बाल भवन के पीछे, तुलसी नगर भोपाल पर आयोजित की गई है। दिनांक 21-08-2026 दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक स्थान कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, डी ब्लाक पुराना सचिवालय भोपाल में नामांकन पत्र लिये जायेंगे, दिनांक 23-08-2026 को दोपहर 12.00 बजे नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी दिनांक 24-08-2026 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम नर्मदा मंदिर परिसर, जवाहर बाल भवन के पीछे, तुलसी नगर भोपाल पर किया जायेगा। तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ श्रीमती मीरा देवी, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(जितेन्द्र सिंह भदौरिया)
प्रशासक राजधानी पत्रकार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, विन्ध्याचल भवन भोपाल

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि विधि और विधायी कार्य विभाग भोपाल में फोटोकॉपी कार्य के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है।

अंत: इस विज्ञप्ति की निविदा शर्तों के अधीन जो संस्था इस स्थापना पर फोटो कापियर मशीन स्थापित किये जाने हेतु इच्छुक हो म.प्र. राज्य ई प्रोक्योर्मेन्ट पोंटल (www.mptenders.gov.in) पर निविदाओं की आवश्यक शर्तों की जानकारी प्राप्त कर, शर्तों के अनुसार दिनांक 14.08.2026 सांय 17:00 से दिनांक 07.09.2026 को सांय 12.00 बजे तक ऑन लाईन माध्यम से ई प्रोक्योर्मेन्ट पोंटल (www.mptenders.gov.in) पर प्रस्तुत कर सकते है।

निविदा संबंध